आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.09.2025 / 11.00 बजे

प्रादेशिक समाचार

इंजीनियर्स दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आज इंजीनियर दिवस के अवसर पर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एम विश्वेश्वरैया की प्रतिभा ने भारत के इंजीनियरिंग परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर एक विकसित भारत के निर्माण के सामूहिक प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इंजीनियरों की दूरदर्शिता, नवाचार और समर्पण देश को तकनीकी प्रगति के शिखर पर तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता मे ंआज प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक शिमला में होगी। बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा प्रदेश में वित्तीय संसाधनों को और मजबूत करने के संबंध में भी चर्चा होने की उम्मीद है।

दूरदर्शन आज अपनी शानदार यात्रा के 66 वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में 15 सितंबर 1959 में दूरदर्शन से प्रसारण युग का शुभारंभ हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने आज के ही दिन पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। 1975 तक दूरदर्शन आकाशवाणी का ही एक हिस्सा था। बाद में 1 अप्रैल 1976 को यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक अलग विभाग के रूप में सामने आया। आज, दूरदर्शन स्टूडियो और ट्रांसमीटरों के विशाल नेटवर्क के साथ भारत की सबसे बड़ी प्रसारण संस्था है।

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने दूरदर्शन के 66वें स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी है।

आयकर रिटर्न

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आज अंतिम तारीख है। इसके अनुसार आप अपना आयकर रिटर्न आज रात 12 बजे तक ही भर सकते हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित उस फर्जी खबर का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया था कि आयकर रिटर्न – आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। सुचारू फाइलिंग और संबंधित सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए, आयकर विभाग ने बताया कि उसका हेल्प डेस्क 24 घंटे

काम कर रहा है। विभाग ने आगे कहा कि कॉल, लाइव चैट, वेब एक्स सेशन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी सहायता प्रदान की जा रही है।

## मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी जारी है। भारी वर्षा व भू स्खलन के कारण अभी भी सामान्य जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में भू स्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं में अभी तक 404 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 41 लोग लापता हैं। प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्चमार्ग और 598 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बाधित हैं। इसके अलावा 500 बिजली ट्रांसफार्मर और 184 पेयजल योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। मौसम विभाग ने आज से 20 सितंबर तक मानसून की रफतार धीमी पड़ने और अधिकतर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

## कृषि सम्मेलन

राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू होने जा रहा है। केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। कृषि मंत्रालय के अनुसार इस दो दिवसीय सम्मेलन में रबी फसल के किसानों को लाभ पहुंचाने, उत्पादन लक्ष्य निर्धारित करने, सतत् कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर के कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, नीति निर्माता और राज्य सरकारों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

———————————